# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक – गोप0 / अनु0सा0 / 1076
दिनांक – 05/11/2022

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

सेवा में

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः सेमेस्टर परीक्षा जून–2022 में अनुचित साधन प्रयोग में आरोपित छात्रों के परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों एवं विश्वविद्यालय परिसर में संचालित सेमेस्टर जून–2022 की परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग में आरोपित छात्रों के सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा की गयी संस्तुति को मा0 कुलपति महोदया के अनुमोदनोपरान्त सम्बन्धित विद्यार्थी के नामाग्र उनको दिये गये दण्ड का उल्लेख करते हुये सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर अपलोड कर दी गई है। **इस सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि यदि किसी छात्र / छात्रा को प्रदान की गयी दण्ड श्रेणी के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो वह अपना अपीलीय प्रार्थना–पत्र प्रत्येक दशा में परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिवसों के अन्दर विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर दे।** उक्त अवधि के पश्चात इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। प्रत्येक श्रेणी में निर्धारित दण्ड का विवरण निम्नवत हैः–

**श्रेणी 1–** यह चेतावनी देते हुये कि भविष्य में आप इस सम्बन्ध में सावधान रहें।

**श्रेणी 2–** सम्बन्धित विषय कोड की परीक्षा निरस्त की जाती हैं।

**श्रेणी 3–** सम्पूर्ण द्वितीय / चतुर्थ / छठे / आठवे / दसवे सेमेस्टर जून 2022 की परीक्षा निरस्त कर दी गयी है।

**श्रेणी 4–**सम्पूर्ण द्वितीय / चतुर्थ / छठे / आठवे / दसवे सेमेस्टर जून 2022 की परीक्षा निरस्त कर दी गयी है तथा भविष्य में आप अगले सेमेस्टर दिसम्बर–2022 की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें।

**श्रेणी 5–**सम्पूर्ण द्वितीय / चतुर्थ / छठे / आठवे / दसवे सेमेस्टर जून 2022 की परीक्षा निरस्त कर दी गयी है तथा भविष्य में आप अगले दो सेमेस्टर दिसम्बर–2022 व जून–2023 की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें।

**श्रेणी 6–**सम्पूर्ण द्वितीय / चतुर्थ / छठे / आठवे / दसवे सेमेस्टर जून 2022 की परीक्षा निरस्त कर दी गयी है तथा भविष्य में आप अगले तीन सेमेस्टर दिसम्बर–2022, जून–2023 व दिसम्बर–2023 की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें।

अतः आपसे अपेक्षित है कि अपने महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों को अपने स्तर से अवगत कराते हुये अग्रतर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

05/11

परीक्षा नियंत्रक

क्रमशः पृष्ठ 2.....

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. सचिव, कुलपति को मा0कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
02. आशुलिपिक कुलसचिव को कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
04. सहायक कुलसचिव (परीक्षा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. सहायक कुलसचिव (कमेटी सेल) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. सहायक कुलसचिव (बी0एड0 सेल) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. सहायक कुलसचिव (सम्बद्वता) को सूचनार्थ।
08 समस्त विभागाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
09. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/कुलानुशासक (प्रोक्टर)।
10. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. प्रभारी, कम्प्यूटर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. प्रभारी, रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
13. प्रभारी, परिसर सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14 प्रभारी, बी0एड0 (गोपनीय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
15. प्रभारी, वेवसाइट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
16. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि संलग्न सूची को सम्मानित समाचार पत्रों में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

नोट : परीक्षा परिणाम की मूलप्रति पृष्ठ संख्या–06 संलग्न।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)